## खबर संक्षेप

### होली पर्व पर 3 व 4 मार्च को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित

**शहडोल।** राज्य शासन द्वारा होली पर्व के पावन अवसर पर 3 मार्च मंगलवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन की अधिसूचना के अनुसार वर्ष 2026 के घोषित अवकाशों की सूची में 3 मार्च को होली के उपलक्ष्य में अवकाश घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य शासन द्वारा 4 मार्च 2026 बुधवार को भी नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, के अंतर्गत सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### 5 साल से आंख मिचौली खेल रहा स्थाई वारंटी धराया

**गोहपारू।** कानून के लंबे हाथों से बचकर पांच साल से खाकी को चकमा दे रहे शातिर अपराधी का खेल आखिरकार खत्म हो गया। गोहपारू पुलिस ने घेराबंदी कर कुख्यात स्थाई वारंटी बब्बू मौर्य उम्र 32 वर्ष, निवासी लोढी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। आरोपी वर्ष 2021 से चोरी और मोटर व्हीकल एक्ट की संगीन धाराओं (379, 414 भादवि) में फरार चल रहा था। माननीय न्यायालय के कड़े रुख और पुलिस की तत्परता ने भगोड़े बब्बू को धर दबोचा। पुलिस की इस दबिश से क्षेत्र के अन्य अपराधियों में हडक्रंप मच गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस का स्पष्ट संदेश है—अपराधी कितना भी शातिर हो, बच नहीं पाएगा।

### कलेक्टर ने 3 मार्च को घोषित किया शुष्क दिवस

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.केदार सिंह ने होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए म0प्र0 आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 03 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने होली त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था तथा लोक शांति बनाये रखने के लिये मदिरा का क्रय विक्रय प्रतिबंधित करने हेतु जिले की समस्त कम्पोजिट देशी,विदेशी मदिरा दुकानें, होटलबार (एफ.एल.-2, एफ.एल.-3 एवं एफ.एल.-3 ए), रिटेल आउटलेट (वाईन शाप) एवं मद्यभाण्डागार (देशी/विदेशी) आदि 2 मार्च 2026 को रात्रि 11:30 बजे से 3 मार्च 2026 को सायंकाल 05:00 बजे तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले के अन्तर्गत मदिरा का क्रय, विक्रय,परिवहन, संग्रहण तथा वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई.व्ही.एम. व्ही.व्ही.पी.ए.टी वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन प्रतीक खरे, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि विष्णु प्रताप सिंह, अरफाना बेगम सहित अन्य राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### सोन नदी के खनिज माफिया में हडक़ंप, अवैध रेत लदा ट्रैक्टर जप्त!

**शहडोल।** माफियाओं की शामत और कानून का राज कायम करने के संकल्प के साथ देवलोंद पुलिस ने रेत के अवैध कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। झिरिया घाट स्थित सोन नदी के प्रतिबंधित सोन घड़ियाल क्षेत्र में चल रहे अवैध उत्खनन पर पुलिस ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए एक बिना नंबर का जॉनडियर ट्रैक्टर और रेत से लदी ट्रॉली जप्त की है। **खाकी को देखते ही रफूचक्कर हुआ चालक-**मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुभाष दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रविवार, 1 मार्च को झिरिया घाट पर दबिश दी। पुलिस की गाडिय़ों की आहट मिलते ही रेत माफियाओं में भगदड़ मच गई। पकड़े जाने के डर से ट्रैक्टर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने करीब 4,83,500 रुपये कीमत का मशरूका (ट्रैक्टर-ट्रॉली व रेत) जप्त कर लिया है। **माफिया रामकल्याण वैस पर शिकंजा-** काले कारोबार का सूत्रधार झिरिया बुडवा निवासी रामकल्याण वैस (पिता मगलदीन वैस) है। पुलिस ने वाहन स्वामी और अज्ञात चालक के विरुद्ध बी.एन.एस., खनिज अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण, भारतीय वन अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## सफेद राख का काला खेल: अमरकंटक पावर प्लांट बना मौत का डिपो

# खाकी और खादी के संरक्षण में सड़क पर तांडव







### नियमों की अर्थी उठाकर दौड़ रहे ओवरलोड यमदूत

शहडोल।

संभाग के अनूपपुर जिले के अमरकंटक थर्मल पावर प्लांट (चचाई) से निकलने वाली राखड़ अब सिर्फ प्रदूषण नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और मौत का पर्याय बन चुकी है। आलम यह है कि बीते कई महीनों से सारे कायदे-कानूनों को ताक पर रखकर राखड़ ढोने वाले वाहनों में भीषण ओवरलोडिंग का खेल जारी है। खुले आसमान के नीचे सडक़ों पर जहर उगलते ये वाहन न केवल पर्यावरण को स्वाहा कर रहे हैं, बल्कि रफ्तार के जुनून में राहगीरों की जिंदगी से भी खिलवाड़ कर रहे हैं। इस पूरे सफेद गोरखधंधे में चचाई और धनपुरी पुलिस की चुप्पी यह बताने के लिए काफी है कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही काली है।

### हर महीने बंटता है सबका हिस्सा

इस पूरे खेल की सबसे वीभत्स तस्वीर ट्रक मालिकों के आरोपों से साफ होती है। ट्रक मालिकों का कहना है कि वे स्वयं अंडरलोड माल ढोना चाहते हैं क्योंकि क्षमता से अधिक वजन उनकी गा?यिों की उम्र घटा रहा है, लेकिन स्थानीय प्रबंधन और जिम्मेदारों के निहित स्वार्थ ने उन्हें ओवरलोडिंग के दलदल में धकेल दिया है। सूत्रों की मानें तो ओवरलोड वाहनों को सुरक्षित रास्ता देने के नाम पर हर महीने हिस्सा (सुविधा शुल्क) ऊपर से नीचे तक बांटा जाता है। यही कारण है कि पुलिस कप्तान की तथाकथित सख्ती के दावों के बावजूद स?कों पर एक भी प्रभावी कार्यवाही नजर नहीं आती।

### क्षमता से दोगुना भार, सडक़ों का हो रहा बेड़ा गर्क

भ्रष्टाचार का पैमाना

| वाहन का प्रकार | निर्धारित वजन (टन) | असल लोडिंग (अनुमानित टन) | भ्रष्टाचार का पैमाना |
|---|---|---|---|
| 10 चक्का | 25 टन | 35 से 38 टन | भयानक |
| 12 चक्का | 31 टन | 38 से 40 टन | अति |
| 14 चक्का | 37 टन | 50 टन से अधिक | अंधेरगर्दी |
| 22 चक्का | 49 टन | 75 से 80 टन | महापाप |

नियमों और कायदों की धज्जियां कैसे उड़ाई जा रही हैं, इसे इन डरावने आंकड़ों से समझा जा सकता है। हवा में उड़ती राखड़ और क्षमता से दोगुना बोझ ढोते ये ट्रक न केवल सडक़ों का सीना छलनी कर रहे हैं, बल्कि एनएच-43 को एक्सीडेंट जोन में तब्दील कर चुके हैं।

### सीमेंट फैक्ट्रियों और प्रबंधन का खूनी जाल

इस पूरे भ्रष्टाचार की जड़ में सीमेंट फैक्ट्रियों और स्थानीय प्रबंधन की मिलीभगत है। बताया जाता है कि सीमेंट फैक्ट्रियां अंडरलोड चलने की स्थिति में ज्यादा भाड़ा देने से बचने के लिए ट्रक मालिकों पर ओवरलोडिंग का दबाव बनाती हैं। फैक्ट्रियां कागज पर तो अंडरलोड की बात करती हैं, लेकिन धरातल पर प्रबंधन की मूक सहमति से खुले हाइवा और ओवरलोड ट्रकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका सीधा फायदा भ्रष्ट अधिकारियों और प्रबंधन को होता है, जबकि छोटे ट्रक मालिक और आम जनता पिस रही है।

### एनएच-43 पर रफ्तार का कहर

ट्रिप बढ़ाने और कमीशन के चक्कर में ट्रक चालक सडक़ों पर अंधाधुंध रफ्तार से वाहन दौड़ा रहे हैं। क्षमता से अधिक भार होने के कारण आपातकालीन स्थिति में ये वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे मासूम राहगीर अकाल मौत का ग्रास बन रहे हैं। सडक़ों की हालत ऐसी है कि भ्रष्टाचार के बोझ तले दबी ये सडक़ें समय से पहले ही उखड़ रही हैं।

### आखिर कब टूटेगी कुंभकर्णी नींद

ट्रक मालिकों का स्पष्ट कहना है कि यदि पावर प्लांट के गेट पर ही ओवरलोडिंग रोक दी जाए, तो स?कों पर मौत का यह तांडव रुक सकता है। लेकिन सवाल वही है कि सोने की मुर्गी देने वाले इस सिस्टम को पुलिस क्यों बंद करेगी? क्या पुलिस कप्तान के निर्देश सिर्फ प्रेस नोट तक ही सीमित हैं। यदि समय रहते इस राखड़ माफिया और भ्रष्ट तंत्र पर लगाम नहीं कसी गई, तो जनता को धूल और मौत के साये में जीने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अब देखना यह है कि प्रशासन जागता है या कमीशन के इस खेल में अपनी हिस्सेदारी सुरक्षित रखता है।

# कुबेर स्वसहायता समूह ने लगाया हर्बल उत्पादों का स्टॉल



शहडोल।

नगर पालिका परिषद शहडोल के तत्वावधान में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन डे एनयूएलएम योजना अंतर्गत गठित कुबेर स्वसहायता समूह द्वारा नगर पालिका कार्यालय के समीप हर्बल रंगोली एवं हर्बल साबुन का स्टॉल स्थापित किया गया है।

कुबेर स्वसहायता समूह की महिला सदस्यों द्वारा पूर्णतः प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल हर्बल उत्पादों का निर्माण कर उन्हें आमजन के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। समूह द्वारा तैयार हर्बल रंगोली एवं साबुन स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है। यह पहल न केवल स्थानीय व स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दे रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नगर पालिका परिषद शहडोल ने नगरवासियों से अपील की है कि वे कुबेर स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल उत्पादों का अधिक से अधिक क्रय करें, जिससे समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ प्राप्त हो और उनके स्वरोजगार के प्रयासों को मजबूती मिले।

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वसहायता समूहों को निरंतर प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका सुदृढ़ कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

## देवलोंद और सीधी थाना क्षेत्रों में मची सनसनी, दहशत में जनता

# चोरों का तांडव, दो घरों के ताले तोड़ उड़ाए 7 लाख

शहडोल।

रंगों के त्योहार होली की खुमारी अभी शुरू भी नहीं हुई कि जिले में खाकी के इकबाल को चुनौती देते हुए शातिर चोरों ने कोहराम मचा दिया है। देवलोंद और सीधी थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाकर करीब 7 लाख रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस लकीर पीट रही है और चोर माल समेट कर रफूचक्कर हो गए हैं।

### देवलोंद में ताला तोडक़र 5 लाख की सफाई

देवलोंद थाना अंतर्गत बुढ़वा मस्जिद के पास रहने वाली गुल्पशा बानो के घर में चोरों ने दुस्साहस की सारी हदें पार कर दीं। पीड़िता अपने पति के साथ मायके गई थी, तभी सूने घर का फायदा उठाकर बदमाशों ने दरवाजा उखाड़ फेंका। अलमारी में रखे 3 तोला सोना, चांदी के जेवर, 70 हजार नगद और कीमती साडिय़ों के दो बैग पार कर दिए गए। बता दें कि एक दिन पहले ही ज्वेलरी दुकान में चोरी हुई थी, जिससे साफ है कि पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है।



### सीधी में खपरैल तोडक़र घुसे रात के राही

उधर, सीधी थाना क्षेत्र के लपरी गांव में जामवती अहिरवार के घर को निशाना बनाया गया। महिला अपनी बेटी के घर गई थी, तभी बदमाशों ने घर की छत (खपड़ा) तोडक़र प्रवेश किया और 1 तोला सोना व आधा किलो चांदी समेट ली। करीब 2 लाख की इस चोरी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। त्योहार के समय जब पुलिस को सडक़ों पर मुस्तैद होना चाहिए, तब बदमाश बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों में आक्रोश है कि आखिर कब तक जनता अपनी मेहनत की कमाई लुटाती रहेगी।

## मुनि श्री प्रमाणसागर के वचनों से गूंजा आकाश, संपन्न हुआ पंचकल्याणक महामहोत्सव







### बुढ़ार में भक्ति का सैलाब

बुढ़ार।

भक्ति, भाव और आत्म-कल्याण के अभूतपूर्व संगम के साथ बुढ़ार की धरा पर 1008 भगवान श्री शांतिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव का भव्य समापन हुआ। संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज, निर्यापक मुनि श्री प्रसादसागर महाराज सहित पूरे मुनिसंघ के सानिध्य में आयोजित इस आयोजन ने श्रद्धालुओं को अध्यात्म के शिखर से जोड़ दिया।

### सिद्ध अवस्था की ओर बढ़ते कदम

महोत्सव के अंतिम दिन मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर समूचा वातावरण जय जिनेंद्र के जयघोष से गुंजायमान रहा। मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी और मीडिया प्रभारी प्रसन्न जैन दीपू ने बताया कि प्रातः काल भगवान ने कैलाश पर्वत पर चतुर्थ शुक्लध्यान के माध्यम से मोक्ष प्राप्त किया। इस अलौकिक दृश्य को देख श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं और हृदय हर्षोल्लास से भरा हुआ था।

### चेतना की शुद्धि पर मुनि श्री की सर्जिकल स्ट्राइक

सैकड़ों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने अपनी धारदार वाणी से जीवन के कड़वे सच को उजागर किया। उन्होंने दो टूक कहा भगवान तो मोक्ष चले गए, वे तो पास हो गए, लेकिन हम सब अभी भी फेल हैं। फेल होने वाले लोग एक पास होने वाले की खुशी मना रहे हैं, पर खुद पास होने की कोशिश नहीं कर रहे। मुनि श्री ने कड प्रहार करते हुए कहा कि असली बंधन घर-परिवार या धन-दौलत का नहीं, बल्कि हमारे भीतर बैठे राग, द्वेष, मोह, काम और क्रोध का है। जब तक मनुष्य इन आंतरिक बेडिय़ों को नहीं पहचानेगा, तब तक मोक्ष की कल्पना बेमानी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोक्ष कोई भौतिक स्थान नहीं, बल्कि आत्मा की परम शुद्ध अवस्था है।

### रथयात्रा और वेदी प्रतिष्ठा: भक्ति का चरमोत्कर्ष

दोपहर के सत्र में भगवान जिनेंद्र देव को भव्य रथ में विराजमान कर मुनिसंघ की मौजूदगी में सात फेरियां लगाई गईं। इसके बाद प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अशोक भैया, अभय भैया और अमित वास्तु के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चार के साथ भगवान की प्रतिमाओं को नवीन जिनालय की वेदी पर विराजमान किया गया।

### शंका समाधान: जिज्ञासाओं का हुआ अंत

दोपहर 2 बजे से आयोजित शंका समाधान कार्यक्रम में मुनि श्री ने श्रद्धालुओं की जटिल आध्यात्मिक उलझनों को तार्किक और सरल तरीके से सुलझाया। मुनि श्री ने संदेश दिया कि भले ही आज के युग में सीधा मोक्ष संभव न हो, लेकिन संयम और आत्मचिंतन का मार्ग कभी बंद नहीं होता। आज बढ़ाए गए कदम ही कल मंजिल तक पहुंचाएंगे। इस महामहोत्सव के सफल आयोजन ने बुढ़ार को धर्म नगरी के रूप में स्थापित कर दिया है। आयोजन समिति ने मुनिसंघ और समस्त श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया है।

## रोटरी राहत शिविर के लिए बिछी तैयारियों की बिसात देशभर के विख्यात डॉक्टर करेंगे जटिल सर्जरी

**शहडोल।** नर सेवा ही नारायण सेवा है और इस संकल्प को चरितार्थ करने के लिए रोटरी क्लब शहडोल ने कमर कस ली है। आगामी रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को ऐतिहासिक बनाने के लिए रविवार, 1 मार्च को स्थानीय होटल श्री कृष्णा में रोटेरियंस की एक हाई-प्रोफाइल समीक्षा बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में न केवल तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया, बल्कि सेवा के इस महायज्ञ में जिम्मेदारियों का बंटवारा भी सर्जिकल स्ट्राइक की तर्ज पर किया गया।



### देश के नामचीन डॉक्टर करेंगे असाध्य रोगों का इलाज

शिविर संयोजक और पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने रोटेरियंस को संबोधित करते हुए बताया कि इस मेगा कैंप में दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों के विख्यात विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगे। यहाँ केवल परामर्श नहीं, बल्कि गंभीर बीमारियों की सर्जरी और इलाज भी पूरी तरह निःशुल्क होगा। सचिव विनोद प्रधान ने स्पष्ट किया कि शिविर का संदेश जन-जन तक पहुँचाने के लिए शहर के मुख्य द्वारों पर ज़ेट्री के माध्यम से व्यापक प्रचार किया जा रहा है ताकि कोई भी जरूरतमंद इलाज से वंचित न रह जाए।

### रक्तदान से शुरू होगा सेवा का कारवां

चूंकि शिविर में बड़ी संख्या में ऑपरेशन होने हैं, लिहाजा खून की कमी आड़े न आए, इसके लिए रोटरी क्लब शिविर से पूर्व एक विशाल ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करेगा। क्लब ने स्पष्ट कर दिया है कि सेवा के इस मार्ग में कोई भी बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### मुफ्त मिलेंगी बसें और एम्बुलेंस

कोषाध्यक्ष रविशंकर पाठक ने बताया कि शिविर के लिए समाजसेवियों का हुजूम उमड़ पड़ा है, रोटेरियन विवेक खोडियार बड़ी आर्थिक मदद की घोषणा। गोपाल शर्मा (सहारा ट्रेवल्स) मरीजों की सुविधा के लिए 3 वातानुकूलित वाहन निशुल्क देंगे। अजय विजरा एवं मनीष केजरीवाल (ब्राइटन स्कूल) शिविर अवधि के लिए 6 बसें मुफ्त उपलब्ध कराईं।

### नई ऊर्जा के साथ बढ़ा रोटरी का कुनबा

बैठक के दौरान अमित बजाज को रोटरी परिवार की सदस्यता दिलाई गई, जिससे क्लब की सेवा शक्ति में और इजाफा हुआ है। रोटरी क्लब ने अपील की है कि शहर का हर नागरिक इस सूचना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए। अगर आप या आपका कोई परिचित इलाज के अभाव में परेशान है, तो रोटरी राहत शिविर आपके लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आ रहा है।

## बस के भीतर व्यापारी की जेब साफ, पेन गिराने का बहाना बना उड़ाए, 30 हजार दादू एंड संस की बस में शातिर जेबकतरों का तांडव, पुलिस के हाथ खाली

शहडोल।

अपराधी अब सडक़ों पर नहीं, बल्कि भरी बसों में आपकी बगल वाली सीट पर बैठकर शिकार तलाश रहे हैं। ब्यौहारी बस स्टैंड से रीवा जा रही दादू एंड संस कंपनी की बस में एक छोटे व्यापारी के साथ जिस फिल्मी अंदाज में वारदात को अंजाम दिया गया, उसने यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। बदमाशों ने सीट के नीचे पेन गिर गया है का नाटक रचा और पलक झपकते ही 30 हजार रुपये पार कर दिए।

### गरीब की मेहनत पर हाथ साफ

जयसिंहनगर के मोहनी गांव निवासी शिव नारायण साकेत उम्र 40 वर्ष अपनी पत्नी के साथ जूते-चप्पल का माल खरीदने रीवा जा रहे थे। जयसिंहनगर में छोटी सी दुकान चलाने वाले इस दंपत्ति को क्या पता था कि उनकी मेहनत की कमाई पर लुटेरों की नजर है। बस स्टैंड से निकलते ही दो युवक उनकी सीट के पास पहुंचे। एक ने पेन गिरने का शोर मचाया और शिव नारायण को सीट से उठने पर मजबूर कर दिया। इसी छीना-झपटी और हलचल के बीच शातिरों ने उनकी जेब से 30 हजार की गड्डी उड़ा ली।



### पत्नी की सतर्कता आई काम

जैसे ही युवक आगे बढ़े, शिव नारायण की पत्नी को शक हुआ। जेब टटोलने पर पैरों तले जमीन खिसक गई, पैसे गायब थे। बस में हंगामा मचा, चुंगी नाके के पास यात्रियों ने एक संदेही को दबोच भी लिया, लेकिन तब तक उसका मुख्य साथी रकम लेकर रफूचक्कर हो चुका था।

### पुलिस की गिरफ्त में संदेही, पर माल गायब

पकड़े गए युवक की थाने में सघन तलाशी ली गई, लेकिन एक धेला भी बरामद नहीं हुआ। आशंका है कि वारदात के तुरंत बाद मास्टरमाइंड ने रकम अपने फरार साथी को सौंप दी थी। क्या बसों में यात्रियों की जान-माल की कोई कीमत नहीं है, पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगालने का दावा कर रही है, लेकिन सवाल वही है कि आखिर ये ब्लेडबाज और जेबकतरे सार्वजनिक वाहनों में इतने बेखौफ कैसे हैं।

### इनका कहना है...

पीड़ित ने बताया कि वह अपने गांव से निजी वाहन से ब्यौहारी बस स्टैंड पहुंचा था और वहां से दादू कंपनी की बस से रीवा जा रहा था। बस चलने के कुछ ही मिनटों में उसकी जेब में रखे 30 हजार रुपए चोरी हो गए। थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद वह पत्नी के साथ वापस गांव लौट गया। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

**जिया उल हक**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

खबर संक्षेप



## माहौल में नजर आने लगा होली का रंग

**कोतमा।** होली के पर्व को लेकर पिचकारी और रंग गुलाल का मार्केट सच चुका है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली वाटर टैंक पिचकारी डांल कार और यूएफओ के साथ ही गदा फरसा कुल्हाड़ी खास है। वही बेलन और हथोड़ा डिजाइन में भी पिचकारी आई है जो बच्चों को खूब भा रही है। माहौल में होली का रंग नजर आने लगा है। बच्चे बड़े हर किसी को अपने अंदाज में होली सेलिब्रेट करनी है इसके लिए थीम बेस्ड पार्टी के लिए लोग व्हाइट एवं कलर स्लोगन शर्ट ले रहे हैं तो वही इस बार भी कैरेक्टर और होरर मास्क की डिमांड देखने को मिल रही है।

**होली प्रिंट शर्ट भी होगी खास**

टी-शर्ट में हैप्पी होली, होली कब है, भाई बुरा ना मानो होली है, रंग बरसे जैसे कोटेशन लोगों को आकर्षित कर रहे हैं बाजार में तरह-तरह की होली प्रिंट शर्ट उपलब्ध है जो भी बड़े और बच्चे शौक से खरीद रहे हैं इससे होली प्रिंट शर्ट पहनकर थीम पार्टी करने को भी लोग तैयार है। इसके लिए तरह-तरह की प्लानिंग की जा रही है। होली पर लोगों को मुखौटा पहनना अच्छा लगता है। मार्केट में बच्चे मुखोटे की तरफ ज्यादा आकर्षित दिख रहे हैं। इसमें विभिन्न कैरेक्टर और हॉरर मुखोटे शेर चीता आज की मांग ज्यादा है। और बच्चे इसे शौक से खरीद रहे हैं। होली में मुखोटे से रंग खेलने का मजा दोगुना हो जाता है।

**बच्चों की पहली पसंद कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारी**

बाजार में तरह-तरह की पिचकारी उपलब्ध है इसमें बच्चों की पहली पसंद है मिक्की माउस, यूनिकॉर्न, डोरेमोन, स्पाइडर-मैन, शिन-चेन और चंद्रयान, गदा, फरसा, कुल्हाड़ी वाली पिचकारी बच्चे इन पिचकारी को बड़े ही शौक से खरीद रहे हैं और इस पिचकारी के साथ फोटो शूट कर रहे हैं। पुराना अस्पताल के पास निवास करने वाले अचिंत ताम्रकार का कहना है कि एक दिन बाद होली का त्यौहार आने वाला है और मैं होली के त्यौहार में खूब मस्ती करने के मूड में हूं मुझे शुरू से ही होली का त्योहार पसंद है और मैं होली प्रिंट शर्ट खरीद कर इसे और भी खास बनाऊगा। मैं चेहरे को मुखोटे से ढक कर रंग खेलूंगा घर परिवार के साथ मिलकर होली खेलूंगा और इस दिन को यादगार बनाऊंगा। छोटा बच्चा गणेश ने कहा कि मुझे मुखोटे ज्यादा पसंद है इसको पहन कर मैं होली के त्यौहार में सबको रंग डालता हूं और उनको रंग लगाता हूं इससे मुझे बहुत खुशी होती है और हम लोग सभी रंगों के पर्व को मिलकर एंजॉय करते हैं। टी शर्ट एवं मुखौटा ना हो तो होली कुछ अधूरी सी लगती है। मैं अभी से बाजार जाकर रंग अबीर गुलाल स्प्रे मम्मी पापा से खरीददारी करवाऊंगा। नगर के श्रेयांश द्विवेदी का कहना है कि होली के पर्व पर हम सभी दोस्त मिलकर होली प्रिंट शर्ट पहनते हैं।

### बीच-बचाव करने पहुंचे जवान पर ही टूट पड़ा हमलावर

# उमरिया कोर्ट के सामने आरक्षक को सरेराह पीटा, वर्दी फाड़ी!



### वीडियो वायरल होने के बाद मचा हडक़ंप

उमरिया।

जिले में कानून के रखवालों की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवालिया निशान लग गया है। जिस न्याय के मंदिर से लोग इंसाफ की उम्मीद करते हैं, उसी कोर्ट परिसर के सामने एक सिरफिरे न्यायालय कर्मचारी ने पुलिस की खाकी को तार-तार कर दिया। मामला कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक मुकेश सिंह के साथ हुई बर्बर मारपीट का है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शहर में उबाल है।

### इंसानियत दिखाने की मिली सजा

घटनाक्रम के अनुसार, कोतवाली उमरिया में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 10, मुकेश सिंह उम्र 40 वर्ष अपना शासकीय डाक वितरण का कार्य निपटाकर लौट रहे थे। इसी दौरान कोर्ट परिसर के सामने उन्होंने देखा कि न्यायालय कर्मचारी विमल लडिया एक लाचार और मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट कर रहा था। एक जिम्मेदार पुलिसकर्मी होने के नाते मुकेश सिंह ने जब बीच-बचाव कर समझाइश देने की कोशिश की, तो आरोपी विमल लडिया अपना आपा खो बैठा।

### सरेआम नीलाम हुई कानून की मर्यादा

आरोप है कि विमल लडिया ने न केवल आरक्षक के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि उन पर हिंसक हमला भी कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमलावर इतना उग्र था कि उसने आरक्षक की वर्दी फाड़ दी और उनके चेहरे व गर्दन पर कई प्रहार किए। मौके पर मौजूद दीपक मरावी, अनिल कुमार कोल और बाहिद खान ने जैसे-तैसे बीच-बचाव कर आरक्षक को हमलावर के चंगुल से छुड़ाया, वरना कोई अनहोनी हो सकती थी।

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

इस पूरी घटना का वीडियो किसी राहगीर ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो रविवार को जंगल की आग की तरह फैल गया। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि किस तरह एक वर्दीधारी को सरेराह अपमानित किया जा रहा है। वीडियो वायरल होते ही उमरिया पुलिस हरकत में आई और अज्ञात (नामजद जांच के अधीन) आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### बख्शे नहीं जाएंगे गुनहगार

इस सनसनीखेज मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए एसडीओपी उमरिया, पन्नू सिंह परस्ते ने दो टूक शब्दों में कहा कानून को हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं है, चाहे वह कोई भी हो। वीडियो संज्ञान में आते ही संबंधित धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर दिया गया है। शासकीय कार्य में बाधा डालने और पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने वाले के खिलाफ कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### जब पुलिस ही सुरक्षित नहीं

यह घटना केवल एक आरक्षक के साथ मारपीट नहीं, बल्कि सीधे तौर पर कानून प्रशासन को चुनौती है। पुलिस अब गवाहों के बयान दर्ज कर रही है और वायरल वीडियो की फॉरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। शहर की जनता अब यह देख रही है कि अपनी ही वर्दी का मान बचाने के लिए उमरिया पुलिस इस दबंग कर्मचारी पर क्या और कितनी जल्दी कार्रवाई करती है।

## शुष्क दिवस घोषित

**उमरिया।** मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने होली त्योहार के अवसर पर कानून व्यवस्था तथा शान्ति बनाये रखने के लिये मदिरा का विक्रय प्रतिबंधित किये जाने हेतु जिले की समस्त कम्पोजिट देशी/विदेशी मदिरा दुकाने, देशी मद्यभाण्डागार एवं एफ.एल.3 (क) के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है जो 3 मार्च 2026 को (जिस दिन रंग खेला जायेगा) सायं 6 बजे तक रहेगा। उन्होने कहा है कि इस अवधि में जिले के अंतर्गत मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन, संग्रहण तथा वितरण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उक्त आदेश का कडाई से पालन किया जाए।

## हाई स्कूल कि सामाजिक विज्ञान, हायर सेकेण्डरी कि समाशास्त्र विशय की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** जिले में हाई स्कूल कि सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा 45 परीक्षा केंद्रो में तथा हायर सेकेण्डरी के समाजशास्त्र की परीक्षा 6 परीक्षा केंद्रो में संपन्न हुई। हाई स्कूल कि सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 7636 विद्यार्थियों में से 7500 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी वहीं 136 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह हायर सेकेण्डरी कि सामाजशास्त्र विषय की परीक्षा में 34 विद्यार्थियों में से 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा में नकल का प्रकरण निरंक रहा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

उमरिया।



कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि रोगी कल्याण समिति का उदेश्य स्वास्थ्य संस्थाओं के बेहतर प्रबंधन बनाने में जनसहयोग एवं स्वयंसेवी संगठनों की मदद लेना एवं संबधित शासकीय विभागो से समन्वय स्थापित करना, अस्पताल परिसर में स्वयं सेवी संगठनों की सहायता से कल्याण गतिविधियों जैसे मरीजों के परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, मरीजों के परिजनों के ठहरने की व्यवस्था, अस्पताल को स्वच्छ बनाये रखने के लिए जागरूकता बढाने का प्रयास करना, जनसहयोग से समय - समय पर स्वच्छता अभियान चलाना एवं कायाकल्प मापदण्ड के अनुरूप व्यवस्था, अस्पताल की अनुपयोगी सामग्री, निष्क्रीय उपकरण, रिकार्ड स्वच्छ पेयजल, साफ - सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था किया जाना, अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था में निरंतर सुधार के प्रयास करना, अस्पताल परिसर में आने वाने सभी व्यक्तियों से पान, बीडी, सिगरेट, गुटखा लाने पर दण्डात्मक शुल्क अधिरोपित करना, अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में औषधियों की उपलब्धता तथा पैथालॉजी जाँच की व्यवस्था, जिला चिकित्सालय उमरिया में कार्यकारिणी की बैठक कम से कम 03 माह में एक बार आयोजित किया जाना है।

कलेक्टर ने कहा कि जिला चिकित्सालय परिसर मे मरीजो के लिए कैंटीन की व्यवस्था के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाए। जिला चिकित्सालय उमरिया अंतर्गत प्रायवेट का शुल्क जो 250 से से बढाकर 500 किया जाना है, उसे 250 से 300 रूपये तक किया जाए। ओपीडी का शुल्क 10 रूपये 20 रूपये तक के स्थान में 10 से 15 रूपये तक किया जाए। जिला चिकित्सालय उमरिया के कैंपस एरिया को बढाए जाने के लिए एरिया अनुसार प्रापोजल बनाने के निर्देश दिए गए। जिला चिकित्सालय उमरिया अंतर्गत नई बिलंडिग का अप्रैल तक पूरा करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय उमरिया के अनुपयोगी पेडो को छटवाने, कटवाने, पार्किंग व्यवस्था का सुद्रढ़ीकरण किए जाने पर चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल, सिविल सर्जन डा के सी सोनी, आर एम ओ डा संदीप सिंह, सीएमओ किशन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित अन्य, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

उमरिया।



कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करते हुए ए ग्रेड मे आना सुनिश्चित करें।

बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई,न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। कृशि विभाग व्दारा प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में नही किए जाने पर डी ग्रेड कि स्थिति होने पर कडी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए कार्य, गिरदावली के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होने प्रधानमंत्री मान धन योजना के पंजीयन कराने, संबल योजना के 180 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का निराकरण करने, जिले मे फायर एनओसी की जांच करने, जिले में हो रहे अवैध अतिक्रमण पर समस्त एसडीएम को सख्त कार्यवाही करते हुए भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, वन अधिकार पटटो का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर ने संकल्प से समाधान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि आवेदनो को प्राप्त करने के साथ ही उसे निराकृत भी करें। सेक्टर आफीसर नियमित रूप से मानीटरिंग करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया,एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी, एसडीएम बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह, एसडीएम पाली मीनाक्षी इंगले,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय व्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ

उमरिया।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अजमेर राजस्थान से सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय व्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वास्थ्य के दिशा में एक अभिन्न प्रयास होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वी एस चंदेल ने बताया कि जिले में यह अभियान प्रारंभ कर दिया गया है एवं एचपीवी वैक्सीन 14 वर्ष में प्रारंभ एवं एवं 15 वर्ष पूर्ण न किया हो ऐसी किशोरी बालिकाओं को आशा एवं समुदाय में चिन्हित कर लगाया जाना है जो मुख्य रूप से प्रशिक्षित डॉक्टर सी एच ओ एएनएम एवं वैक्सीनेटर की निगरानी में किया जा रहा है। यह वैक्सीन निशुल्क प्रदान कि जा रही है। जिले में जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली मानपुर चंदिया में उपलब्ध है। जिला उमरिया में शुभारंभ



जिला चिकित्सालय में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ ऋचा गुप्ता डॉ के सी सोनी आरएमओ डॉक्टर संदीप सिंह डॉक्टर सीपी शाक्य जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक नर्सिंग ऑफिसर एएनएम एवं मनीष विश्वकर्मा की उपस्थिति में मीणा रविदास जरहा, खान दिव्य दिगर को वैक्सीनेशन किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ ऋचा गुप्ता द्वारा बताया गया कि हितग्राही किशोरी एचपीवी वैक्सीनेशन कराए जाने हेतु पालक की सहमति एवं उम्र को अंकित करने संबंधित दस्तावेज साथ में लेकर आना अनिवार्य होगा जिसकी एंट्री एवं यू विन पोर्टल पर भी किया जाएगा.

# कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चढ़ने लगा होली का रंग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली का रंग चढ़ने लगा है। बाजारों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। बच्चे अपनी पसंद की पिचकारियां खरीदकर उत्साहित हैं। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का रंग चढ़ने लगा है। बाजारों में रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। बच्चे अपनी पसंद की पिचकारी लेने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। सोमवार को सुबह से ही महिलाएं होलिका दहन की तैयारियों में जुटी रही। दुकानदारों का कहना है कि रंगोत्सव के लिए दुकानें सज गई हैं, लोगों में उत्साह दिख रहा है। इस बार होली में पानी की बचत का संदेश भी दिया जा रहा है। लोगों को गुलाल से होली खेलने की सलाह दी जा रही है। नगर में जगह-जगह होलिका दहन का आयोजन किया गया। सोमवार को रात्रि मे नगर के विभिन्न मोहल्ले में दो दर्जन से ज्यादा छोटी बड़ी होलिका दहन का आयोजन किया गया। इसके लिए बच्चे सुबह से ही लकड़ी इकट्ठा करने मे जुटे रहे रहे है। शुभ मुहूर्त में होलिका का दहन किया गया। इस बार होली में भद्रा



का साया भी रहा। सोमवार को धुरेडी त्यौहार को लेकर बाजार में काफी चहल-पहल सुबह से लेकर देर रात तक बनी रही लोगों ने घर के जरूरी सामग्रियों की जमकर खरीददारी की। मिठाई किराना रंग अबीर गुलाल पिचकारी मुखौटे विभिन्न प्रकार के शर्ट एवं बालों की दुकान भी सजी थी जिसमें पहुंचकर बच्चों सहित बड़ों ने जमकर खरीददारी की। होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने भी कमर कस ली है जगह-जगह पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी रमजान का पर्व भी शुरू होने के कारण मस्जिदों में भी पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल ने बताया कि तीन दिवसीय रंगों के पर्व को लेकर पुलिस पेट्रोलियम पार्टी बनाई गई है चौराहों पर भी पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है होलिका दहन स्थल पर भी पुलिस की पैनी नजर रही। उन्होंने बताया कि हुल्लड़ बाज एवं शराबियों पर विशेष नजर रहेगी। मंगलवार को सुबह से लेकर बच्चों की टोली रंग खेलने के लिए ढोल नगाड़े के साथ मोहल्लों मे घूमकर रंग मे सराबोर नजर आयेंगे। नगर के गांधी चौक मे बुधवार को कवि सम्मेलन का आयोजन नगर के साहित्य प्रेमियों के द्वारा किया गया है। सोमवार को होलिका दहन के बाद लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। रंगोत्सव को देखते हुए मंगलवार एवं बुधवार को दो दिनो तक बाजार बंद रहेगा जिसको देखते हुए लोगो ने सोमवार को ही बाजार पहुंचकर सामानो की खरीददारी करने मे जुटे रहे। रंग गुलाल पिचकारी के साथ ही मिठाई एवं किराना दुकानों मे जमकर भीड देर रात तक लगी रही। दो दिनों तक बसे भी बंद रहेंगी।

# राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत के गायन के साथ की गई शासकीय कामकाज की शुरूआत





उमरिया।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन कि उपस्थिति में संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में संगीतमय राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत के गायन के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# शांति, सौहार्द्र और सतर्कता के साथ मनाएं होली

## संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल, जुलूस मार्ग निरीक्षण और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग पर सहमति

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

आगामी होली पर्व को शांति, सौहार्द और पारस्परिक भाईचारे के साथ मनाने के उद्देश्य से भालूमाड़ा थाना परिसर में व्यापक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ सिंह मरकाम के निर्देशन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर के जनप्रतिनिधि, विभिन्न वार्डों के पार्षद, धार्मिक आयोजनों के संचालक, डीजे संचालक, व्यापारी, पत्रकारगण तथा दोनों समुदायों के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने, आपसी सद्भाव बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि शराब पीकर हुड़दंग करने, नशे में वाहन चलाने, जबरन रंग लगाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। दोपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी बैठाने, खतरनाक स्टंट करने तथा गहरे नदी-नालों में जाने से बचने की भी सलाह दी गई। बैठक में समाजसेवी मृगेंद्र सिंह एवं पत्रकार संतोष चौरसिया ने महत्वपूर्ण सुझाव





रखते हुए कहा कि होलिका दहन एवं रंगोत्सव के दौरान संवेदनशील स्थलों की पूर्व पहचान कर वहां विशेष पुलिस निगरानी एवं अतिरिक्त बल की तैनाती की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। त्योहारों के जुलूस मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कर विद्युत विभाग द्वारा झूलते तारों को ऊंचा कराया जाए, साथ ही नगर परिषद द्वारा साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की पूर्व कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु सोशल मीडिया मॉनिटरिंग को प्रभावी बनाया जाए, अफवाह फैलाने वालों पर त्वरित कार्रवाई हो तथा नागरिकों को केवल सत्यापित जानकारी पर ही विश्वास करने के लिए जागरूक किया जाए। भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू ने अपने संबोधन में कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें, प्रशासन का सहयोग करें और युवा वर्ग विशेष रूप से अनुशासन का पालन करे, ताकि क्षेत्र की पहचान सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण होली के रूप में बनी रहे। इन सभी सुझावों पर प्रशासन ने गंभीरता से अमल करने का आश्वासन दिया। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष अजय यादव, विधायक प्रतिनिधि उदय प्रताप सिंह, पार्षद अब्दुल कलाम, सूर्य प्रकाश लोधी, विकास जायसवाल, डॉ. शाहिद सिद्दीकी, मृगेंद्र सिंह सहित स्थानीय पत्रकार राजेश सिंह, सुरेश शर्मा, दिवाकर विश्वकर्मा, दिनेश केवट, संतोष चौरसिया, शंभू दयाल कनौजिया एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एकजुट होकर होली पर्व को प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता के साथ मनाने का संकल्प लिया।

## 38 वर्षों की सेवा के बाद मोतीलाल की भावभीनी विदाई

### नपा अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहा ऐसे कर्मियों पर नगर को गर्व



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** नगर पालिका परिषद पसान में स्वच्छता सेवक मोतीलाल पिता स्व. परसू के सेवानिवृत्त होने पर भावभीन विदाई समारोह आयोजित किया गया अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर उन्हें विधिवत सेवानिवृत्त किया गया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष राम अवध सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू, इंजीनियर उमेश त्रिपाठी, इंजीनियर अविनाश मरकाम, राजेश सिंह जिला मीडिया प्रभारी, संतोष तिवारी 'कलाम' सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे मोतीलाल के परिवारजन भी समारोह में शामिल हुए सभी ने पुष्पमालाएं पहनाकर, मिष्ठान खिलाकर और आतिशबाजी के बीच उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। नपा अध्यक्ष राम अवध सिंह ने कहा मोतीलाल ने वर्षों तक निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ऐसे कर्मियों के परिश्रम से ही हमारा नगर स्वच्छ और व्यवस्थित बनता है। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह उर्फ मिंटू ने भावुक होते हुए कहा, मोतीलाल ने अपना पूरा जीवन सेवा को समर्पित किया उनकी सादगी, कर्मठता और जिम्मेदारी हम सभी के लिए प्रेरणा है आज विदाई का क्षण भावुक जरूर है, लेकिन उनके उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की हम सभी कामना करते हैं। समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने श्री मोतीलाल के स्वस्थ एवं सुखद सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### रेत के अवैध परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जब्त

**बड़वारा।** पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस के अनुसार गत सुबह करीब 7 बजे ग्राम बसाड़ी मोड़ पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को संदिग्ध अवस्था में रेत से भरा हुआ पाया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम आनंद पटेल (30 वर्ष), निवासी ग्राम बसाड़ी, थाना बड़वारा बताया। पुलिस द्वारा रेत परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज एवं ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन चालक कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। जांच में अवैध रूप से रेत परिवहन किया जाना पाया गया। मौके पर गवाहों की उपस्थिति में आईशर सिल्वर कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक MP 21 ZC 9545) मय रेत से भरी ट्रॉली को विधिवत पंचनामा तैयार कर धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया। जब्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक के.के. पटेल, एएसआई सतेंद्र सिंह एवं प्रधान आरक्षक नितेश डोगरे की विशेष भूमिका रही।जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### विद्युत समस्या का निदान कराने पर विधायक का जताया आभार

**बड़वारा।** विद्युत समस्या का निराकरण कराये जाने हेतु बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह का एवं विद्युत विभाग का देवरी हटाई भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन पाण्डेय एवम क्षेत्रीय जनों ने आभार व्यक्त किया है। जन सामान्य में चर्चा की जा रही है एवम हर्ष व्यक्त किया जा रहा है कि देवरी हटाई सबस्टेशन में लगे 3.5 एमवीए ट्रान्सफार्मर की क्षमता को बढाकर 28/02/26 को 5 एमवीए लगाया गया जिससे क्षेत्र के ग्राम, सलैया, हीरापुर कौड़िया केवलारी, गाताखेड़ा, पिपरिया, हिरवारा, कटंगीकलॉ, एवं झलवारा सहित अन्य ग्रामों में लो वोल्टेज की समस्या का निदान होगा एवं कृषकों को पर्याप्त मात्रा में वोल्टेज की समस्या से निदान हो सकेगा एवं देवरी हटाई से निकलने वाले समस्त फीडरो से जुड़े ग्रामों को लाभ होगा ।

### कौशल विकास प्रशिक्षण

**कटनी।** कैमोर में जल प्रदाय परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। परियोजना में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 15 दिवसीय कौशल तकनीकी कार्य एवं मीटर रीडिंग संबंधी कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जल प्रदाय प्रणाली से संबंधित तकनीकी कार्य, मीटर रीडिंग, संचालन एवं रख-रखाव से जुड़े आवश्यक व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

### विद्यार्थियों को दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण

**कटनी।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सलीमनाबाद में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के साथ स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि मिट्टी की वह क्षमता जिसके द्वारा वह एक जीवित पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में कार्य करती है और पौधों पशुओं तथा मनुष्यों को पोषण देती है यह केवल मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों की मात्रा से नहीं बल्कि उसकी जैविक और भौतिक संरचना से भी संबंधित है।

# मजदूर संगठन ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**आर.के.टी.सी. कंपनी की 'मनमानी हुकूमत' पर श्रमिकों का गुस्सा फूटा, 8 मजदूरों की बर्खास्तगी से खड़ा हुआ बड़ा सवाल**

धनपुरी शहडोल

जिले के सोहागपुर क्षेत्र में संचालित अमलाई ओसीएम में आर.के.टी.सी. कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर और विस्फोटक आरोप सामने आए हैं। कोयला मजदूर सभा (एच.एम.एस.) द्वारा पुलिस अधीक्षक शहडोल को भेजे गए पत्र ने कंपनी की कथित मनमानी को सार्वजनिक बहस का विषय बना दिया है।



आरोप है कि 19 फरवरी 2026 को 8 ठेका श्रमिकों को बिना स्पष्ट कारण, बिना पूर्व सूचना और बिना वैधानिक प्रक्रिया अपनाए अचानक नौकरी से बाहर कर दिया गया।सवाल यह है कि क्या श्रमिकों की आजीविका इतनी सस्ती है कि एक आदेश से उनके परिवारों की रोटी छीन ली जाए? संगठन का कहना है कि यह केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि श्रम कानूनों और मानवीय संवेदनाओं पर सीधा प्रहार है। मजदूरों ने जब अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाई, तो उन्हें प्रताड़ना स्वरूप बाहर का रास्ता दिखा दिया गया—क्या यही औद्योगिक न्याय है?कोयला मजदूर सभा ने बताया कि प्रबंधन को पहले 7 दिनों का समय देकर समाधान की मांग की गई थी। 28 फरवरी 2026 को स्मरण पत्र भी सौंपा गया, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने कोई ठोस जवाब देना तक जरूरी नहीं समझा। यह चुप्पी संदेह को और गहरा करती है। क्या नियम-कानून केवल मजदूरों पर लागू होते हैं? क्या कंपनी प्रबंधन खुद को कानून से ऊपर समझ बैठा है?इन 8 श्रमिकों के परिवार आज आर्थिक असुरक्षा के अंधेरे में धकेल दिए गए हैं। बच्चों की पढ़ाई, घर की जरूरतें और इलाज तक पर संकट खड़ा हो गया है। संगठन ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप, निष्पक्ष जांच और बर्खास्त श्रमिकों की पुनर्बहाली की मांग की है। साथ ही स्थानीय बेरोजगारों और पूर्व कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की भी बात कही गई है।कोयला मजदूर सभा ने साफ चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आंदोलन अपरिहार्य होगा। अब नजरें प्रशासन पर टिकी हैं—क्या वह श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा या कंपनी की मनमानी पर पर्दा डालेगा?

## खाद बीज एवं जानकारी लेने के लिए किसानों को होना पड़ रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

कृषि विभाग की बिल्डिंग जहां पहले कृषि विभाग का कार्यालय था वह बिल्डिंग खंडहर नुमा नजर आ रही है बिल्डिंग के प्रांगण में झाड़ झंखाड़ फैले हैं जिसके चलते बड़वारा ग्राम से एक किलोमीटर दूर जगतपुर उमरिया में मृदा परीक्षण केंद्र के दफ्तर में कृषि विभाग का कार्यालय बनाया गया है।

बड़वारा ग्राम से दूर कृषि विभाग का कार्यालय खुलने से क्षेत्र के कृषक जानकारी के अभाव में व विभाग के द्वारा योजनाओं की जानकारी नही देने से शासन के द्वारा दिये जाने वाले बीज समय पर नही प्राप्त कर पाते हैं। शासन के निर्देश हैं कि ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों को शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करें व शासन द्वारा किसानों को दिए जाने वाले बीज को कार्यालय एवम कार्य क्षेत्र में वितरण करवाएं किन्तु बड़वारा कृषि विभाग कार्यालय में मनमानी हावी है। कुछ ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में किसानों को बीज वितरण करवाने की जगह अपने घर से वितरण करते हैं। विभाग के उच्च अधिकारियों की अनदेखी के चलते बड़वारा के जगतपुर उमरिया में बने मृदा परीक्षण केंद्र में संचालित कृषि विभाग का कार्यालय कभी भी समय से नही खुलता है जिसके चलते क्षेत्र के कृषक परेशान रहते हैं। शासन के नियमानुसार कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के नाम व उनके पद सहित जानकारी बोर्ड में चस्पा की जानी चाहिए किन्तु ऐसा नही किया गया है। शासन द्वारा उपलब्ध करवाए गए बीज उनकी मात्रा, प्राप्त स्टॉक, वितरण किये गए बीजों की मात्रा, शेष स्टॉक की जानकारी भी बोर्ड में लिखी जानी चाहिए जिससे पारदर्शिता बनी रहे व अन्नदाता सुविधा पूर्वक तथा सरलता से शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके।

## थाना व्यवहारी में शांति समिति की बैठक संपन्न

व्यवहारी

थाना में होली एवं रमजान जैसे त्यौहार को देखते हुए शांति समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक। बैठक का मुख्य उद्देश्य होली, और रमजान का त्यौहार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया जाए किसी को भी जबरदस्ती रंग न लगायें, त्योहारों में बिजली आपूर्ति बाधित न की जाए नगर परिषद द्वारा पानी एवं साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखे, होली में रास्ता रोककर किसी जबरन चंदा ना लें यदि किसी को अनावश्यक परेशान किया जाता है तो पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी कानून व्यवस्था बिगड़ने वाले सभी तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी बैठक में प्रमुख रूप से भागिरथी लहरे अनुविभागीय अधिकारी ब्यौहारी, थाना प्रभारी जिया उल हक, नगर पालिका , एवं अन्य विभागों के अधिकारी , पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## भू माफिया का कारनामा शासकीय जमीन को प्लाटिंग करके बेचा
## नायब तहसीलदार ने दिए खसरे में मध्य प्रदेश शासन दर्ज करने के निर्देश


**पटवारी ने अभी तक नहीं किया खसरा अपडेट**

ब्यौहारी।




तहसील व्यवहारी की आँखेटपुर सर्कल की ग्राम विजही की आराजी खसरा नंबर 273/1/1/2/2/1 रकबा 0.385 हेक्टेयर भूमि बद्री प्रसाद गुप्ता भूमाफिया द्वारा खरीददारों को झांसा देकर विवादित जमीनों को अविवादित बनाकर बेंच दिया जाता है उक्त आराजी की सरकारी व्यवस्थापन की जमीन को कई लोगों को बेचा गया है जबकि इस संबंध में तहसीलदार द्वारा 15/ 10/ 2025 को आरसी एम एस प्रकरण क्रमांक 0 157/अ-2025-26 प्रकरण को निस्तारित करते हुए तहसीलदार द्वारा आदेश में स्पष्ट है कि शासकीय पट्टाधारियों की भूमियों का अंतरण कलेक्टर या उससे वरिष्ठ अधिकारी की अनुमति से ही होगा साथ ही राजस्व अधिकारियों को कारण भी लेख करना होगा हल्का पटवारी की रिपोर्ट और संलग्न दस्तावेजों से स्पष्ट है कि ग्राम विजई की आरसी खसरा नंबर 273/1 मध्य प्रदेश शासन दर्ज है इसके अंश रकवे में व्यवस्थापन के तहत पट्टा पड़ता है जिसमें विक्रय के लिए धारा 158 (3) 165(7 )का के अंतर्गत कलेक्टर या उससे वरिष्ठ श्रेणी के अधिकारियों से अनुमति लेनी चाहिए इसके संबंध में विक्रेता को सूचना जारी की गई किंतु विक्रेता द्वारा कोई जवाब दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया बल्कि न्यायालय में उच्च तथ्यों को छिपकर कपट पूर्वक पंजीयन के समक्ष तथ्यों को छुपाए जाकर बिना अनुमति के पंजीयन कराया गया प्रकरण में नए एवं महत्वपूर्ण तथ्यों की उक्त आराजी बंटन व्यवस्थापन के तहत प्राप्त है जो की पूर्व मध्य प्रदेश शासन थी अतः मध्य प्रदेश भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 32 के अंतर्गत प्रकरण तथ्यों को छुपाने व कपट पूर्वक न्यायालय से आदेश प्राप्त करने के कारण पूर्व में पारित आदेश<20 /06/2025 को अपास्त किया जाता है और हल्का पटवारी को तदानुसार रिकॉर्ड पूर्ण करने का आदेशनायब तहसीलदार ब्यौहारी-द्वारा दिए गए लेकिन हल्का पटवारी द्वारा आज तक रिकार्ड को अपडेट नहीं किया गया और उसमें हस्तांतरणीय शब्द भी नहीं दर्ज किया गया जिससे आम लोग भूमाफियाओं के जाल मे फंसकर अपनी गाड़ी कमाई को गंवा देते हैं क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से हल्का पटवारी एवं भूमिया के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है

# हमारी चेतना जब शुद्ध होगी, तभी हमारा जीवन पवित्र बनेगा— मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज







बुढ़ार।

**1008 भगवान श्री शांतिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज, निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज, मुनि श्री शीतल सागर महाराज, मुनि श्री संधान सागर महाराज एवं क्षु.श्री समादर सागर महाराज के संघ सानिध्य में भव्य रूप से संपन्न हुआ।**

मोक्षकल्याणक के अवसर पर भगवान ने प्रातः कैलाश पर्वत पर चतुर्थ शुक्लध्यान पूर्ण कर "मोक्ष" को प्राप्त किया। इस मंगल क्षण पर चतुर्निकाय देवों एवं समस्त श्रद्धालुओं नेहर्षोल्लास के साथ उत्सव को मनाया। दोपहर में भगवान जिनेन्द्र देव को रथ में विराजमान कर मुनिसंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक स्थल की सात फेरियाँ लगाई गईं।तत्पश्चात नवीन जिनालय में अभिषेक के उपरांत प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अशोक भैया, बाल ब्रह्मचारी अभय भैया,अमित बास्तु के निर्देशन में सभी मांगलिक क्रियाओं के साथ जिनबिंबों को वेदी पर विधिवत विराजमान किया गया तथा दोपहर 2 बजे से नवीन मंदिर में शंका समाधान कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**मोक्षकल्याणक के अवसर पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने प्रेरक संदेश देते हुये कहा**—"हमारी चेतना जब शुद्ध होगी, तभी हमारा जीवन पवित्र बनेगा।"उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभ देव ने चतुर्थ शुक्लध्यान के द्वारा सिद्ध अवस्था को प्राप्त किया और हम सभी ने मिलकर मोक्ष कल्याणक मनाया भगवान को तो मोक्ष मिल गया लेकिन हमने अपने जीवन में क्या प्राप्त किया?मुनि श्री ने आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर जी महाराज का एक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि गुरुदेव ने कहा था "भगवान मोक्ष चले गए, अर्थात वे 'पास' हो गए और बाकी सब 'फेल' रह गए, और फेल होने वाले एक पास होंने बाले की खुशी को मना रहे हैं।"उन्होंने समझाया कि सच्चे अर्थों में मोक्षकल्याणक मनाने की सार्थकता तभी है जब मन में मुक्त होने की तीव्र चाह जागृत हो और बंधन का वास्तविक अहसास हो,असली बंधन भीतर का है,मुनि श्री ने स्पष्ट किया कि घर-परिवार के बंधन उतने गहरे नहीं हैं जितने भीतर के बंधन राग, द्वेष, मोह, काम, क्रोध और लोभ के विकार है, जब तक इन आंतरिक बंधनों का अनुभव नहीं होगा, तब तक जीवन में वास्तविक उल्लास प्रकट नहीं हो सकता।उन्होंने कहा— "अपने भीतर अनुभव कीजिए कि मैं शुद्ध, बुद्ध,चेतन आत्मा हूँ। मेरा स्वभाव चैतन्यमय और आनंदमय है, में अनादिकाल से मोह और अज्ञान के कारण कर्मों से बंधा हुआ हूँ।"कर्मों का आवरण मेरी चेतना को कुंठित कर रहा है, तथा मेरीआत्मशक्तियाँ क्षीण हो रही हैं,इसीलिये जीवन में विविध प्रकार के दुःख प्रकट हो रहे हैं,जब तक हम स्वंय इस सत्य का बोध नहीं करेंगे, तब तक जीवन का वास्तविक अर्थ प्रकट नहीं हो सकता,मुनि श्री ने कहा कि "मोक्ष" कोई भौतिक स्थान नहीं है, बल्कि आत्मा की सिद्ध अवस्था है,भीतर की निर्मल परिणति है, इसके लिए जीवन को पवित्र बनाना आवश्यक है,उन्होंने कहा कि आज के युग में भले ही प्रत्यक्ष मोक्ष की प्राप्ति न हो, पर घबराने की कोई आवश्यकता नहीं,मोक्ष का मार्ग कभी बंद नहीं होता, यदि आज से ही साधना,संयम के साथ आत्मचिंतन प्रारंभ कर दिया जाए,तो निश्चित ही एक दिन आपको भी उस परम लक्ष्य की प्राप्ति होगी,"आज कदम बढ़ाओगे, तभी कल मंज़िल अवश्य मिलेगी।"



## पूर्ण समर्पण के साथ ईश्वर की भक्ति से मिलता है सुख शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आधारकाप स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की गीता पाठशाला में प्रभारी तृप्ति बहन के नेतृत्व और सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी के मार्गदर्शन में शिव ध्वजारोहण का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। लक्ष्मी दीदी ने बताया परमात्मा की स्मृति चिन्ह का यह झंडा शांति व शक्ति का प्रतीक है । परमात्मा सुख, शान्ति, आनन्द और प्रेम के भण्डार हैं। इसलिए उनका सही परिचय जानकर उनके साथ योग लगाने से ही हमारे जीवन में पवित्रता, सुख और शान्ति आएगी। उन्होंने आगे कहा कि सभी धर्मों के अनुसार परमात्मा निराकार और ज्योर्तिबिन्दु स्वरूप है । निराकार का मतलब यह नहीं है कि परमात्मा का कोई रूप नहीं है। बल्कि अशरीरी होने के कारण हम शरीरधारियों की भेंट में उन्हें निराकार कहा गया है।

परमात्मा को आंखों से नहीं देख सकते हैं किन्तु राजयोग मेडिटेशन के द्वारा उनके गुणों और शक्तियों का अनुभव किया जा सकता है । दीदी ने आगे परमात्मा का परिचय देते हुए कहा कि हिन्दु धर्म में परमात्मा शिव की निराकार प्रतिमा शिवलिंग के रूप में देखने को मिलती है। ज्योतिस्वरूप होने के कारण उन्हें ज्योर्तिलिंग भी कहा जाता है। मुस्लिम धर्म के अनुयायी उन्हे नूर-(अर्थात ज्योति)-ए-इलाही कहते हैं। इसाई धर्म को मानने वाले परमात्मा को दिव्य ज्योतिपुंज मानते हैं, सिख धर्म के अनुगामी उन्हे एक ओंकार निराकार कह महिमा करते हैं। दीदी ने आगे बतलाया कि परमात्मा तीन देवताओं ब्रह्मा, विष्णु और शंकर की रचना कर उनके द्वारा नयी सतोप्रधान

**महिला सशक्तिकरण आयाम, मुद्दे और प्राथमिकताएं विषय पर हुई संगोष्ठी**

## कार्यस्थल पर चुनौतियां, घरेलू हिंसा, शिक्षा पर विशेषज्ञों ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में ₹महिला सशक्तिकरणः आयाम, मुद्दे और प्राथमिकताएं₹ विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। यह दो दिवसीय संगोष्ठी 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के विविध पहलुओं, मौजूदा चुनौतियों तथा भविष्य की प्राथमिकताओं पर गहन चिंतन-मनन एवं विचार-विमर्श करना था। डॉ. ए.के. सिंह (सीईएसडी, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश), डॉ. सनत कुमार शर्मा (साउथ बिहार सेंट्रल विश्वविद्यालय, गया), डॉ. नुपुर निखिल



देशकर (सहायक प्राध्यापक, मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर), डॉ. उमा निगम, डॉ. माधुरी गर्ग (प्राध्यापक, हिंदी, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी), डॉ. रितिका साहनी आहुजा (कटनी कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय), डॉ. पारस जैन (डायरेक्टर, सिलकोबाइट कटनी डिग्री कॉलेज), डॉ. संध्या खरे (प्राचार्य, नालंदा बी.एड. कॉलेज), सुश्री वनश्री कुर्वेती (सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, कटनी), सुश्री अंकिता तिवारी (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा) आदि प्रमुख थे।

इस राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, बिहार सहित विभिन्न राज्यों से विषय विशेषज्ञ, विद्वान, प्राध्यापक तथा शोध छात्र-छात्राएँ सक्रिय रूप से शामिल हुए। कटनी जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में महिला सशक्तिकरण से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, कानूनी एवं सांस्कृतिक आयामों पर गहन चर्चा हुई। द्वितीय दिवस के तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. ए. के. सिंह ने की। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सनत कुमार शर्मा तथा रिपोर्टेयर के रूप में डॉ. दीपक भगवान पाटिल (जलगांव, महाराष्ट्र) उपस्थित रहे। इस सत्र में डॉ. नुपुर निखिल देशकर, डॉ. रितिका साहनी आहुजा सहित अन्य विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए तथा महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर विचार व्यक्त किए।

चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. सनत कुमार शर्मा ने की। विषय विशेषज्ञ डॉ. ए.के. सिंह तथा रिपोर्टेयर डॉ. अर्पित द्विवेदी रहे। इस सत्र में डॉ. गढ़पत ढेबरे, डॉ. नितिन कुमार पटेल, डॉ. दीपक भगवान पाटिल, डॉ. अर्पित द्विवेदी, कुमारी शिल्पी सिंह, कुमारी रचना नवानी आदि ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर संगोष्ठी को समृद्ध किया। प्रतिभागियों ने महिला शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, लैंगिक समानता, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर चुनौतियाँ तथा नीतिगत सुधारों जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला।

## कलेक्टर ने सौंपा नवीन कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूजः कटनी

प्रशासकीय एवं कार्यालयीन कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में पदस्थ तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को नवीन कार्य दायित्व सौंपकर पदस्थापना आदेश जारी किया है। इसके अनुसार प्रभारी तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी को कटनी शहर के तहसीलदार का दायित्व सौंपा गया है। जबकि प्रभारी तहसीलदार बहोरीबंद नेहा जैन को नजूल तहसीलदार कटनी के रूप में नवीन पदस्थापना की गई है।कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक प्रभारी तहसीलदार कटनी नगर आशीष अग्रवाल को प्रभारी तहसीलदार बहोरीबंद का कार्यालय प्रमुख और राजस्व न्यायालयीन कार्य का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला को प्रभारी तहसीलदार विजयराघवगढ़ वृत्त विजयराघवगढ़ एवं कारीतलाई का तथा प्रभारी तहसीलदार ढीमरखेड़ा आकांक्षा चौरसिया को प्रभारी तहसीलदार रीठी और प्रभारी तहसीलदार तहसील स्लीमनाबाद सारिका रावत को प्रभारी तहसीलदार तहसील बहोरीबंद एवं स्लीमनाबाद कार्यपालिक मजिस्ट्रेट गैर न्यायालयीन का दायित्व सौंपा है।

इसके अलावा नायब तहसीलदार नगर वृत्त कन्हवारा अवंतिका तिवारी को नायब तहसीलदार वृत्त कन्हवारा का राजस्व न्यायालयीन कार्य, नायब तहसीलदार कटनी ग्रामीण अतुलेश सिंह को प्रभारी तहसीलदार कटनी ग्रामीण के तौर पर कार्यालय प्रमुख व राजस्व न्यायालयीन कार्य का नवीन दायित्व सौंपा गया है। प्रभारी तहसीलदार रीठी संदीप सिंह को नायब तहसीलदार कटनी नगर गैर न्यायालयीन, अनुराधा सिंह प्रभारी तहसीलदार बड़वारा को नायब तहसीलदार तहसील रीठी वृत्त बिलहरी और राजस्व न्यायालयीन कार्य का दायित्व सौंपा है। जबकि नायब तहसीलदार बड़वारा गैर न्यायालयीन ऋषि गौतम को प्रभारी तहसीलदार तहसील बड़वारा, वृत्त बड़वारा एवं विलायतकला का राजस्व न्यायालयीन कार्य व कार्यालय प्रमुख का दायित्व एवं प्रभारी तहसीलदार बरही आदित्य प्रकाश द्विवेदी को प्रभारी तहसीलदार बरही वृत्त बरही एवं पिपरिया कला का राजस्व एवं न्यायालयीन कार्य व राजस्व प्रमुख तथा नायब तहसीलदार ढीमररखेड़ा साक्षी शुक्ला को नायब तहसीलदार कटनी नगर गैर न्यायालयीन, नायब तहसीलदार विजयराघवगढ़ गैर न्यायालयीन आशीष चतुर्वेदी को नायब तहसीलदार कटनी ग्रामीण और संपूर्ण कटनी ग्रामीण तहसील के गैर न्यायालयीन कार्य के साथ-साथ हीरापुर कौड़िया का राजस्व न्यायालयीन कार्य सौंपा गया हैं।


## मरवाही से आया दो दांत वाला मेहमान, संख्या हुई चार

# होली की हुंकार, धनगवां जंगल में हाथियों का जमावड़ा

होली के रंगों से पहले जंगल में गूंज उठी भारी कदमों की थाप! अनूपपुर के धनगवां जंगल में बीते 70 दिनों से डेरा जमाए तीन हाथियों के पास छत्तीसगढ़ की सीमा लांघकर एक विशाल दो-दांत वाला नर हाथी पहुंच गया है। इस अनोखे मिलन से जंगल में हलचल तेज है और अब पूरे जिले में हाथियों की संख्या चार हो चुकी है।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के जैतहरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत धनगवां बीट का जंगल इन दिनों हाथियों की गतिविधियों से सुर्खियों में है। तीन हाथियों का समूह पिछले 70 दिनों से यहीं डटा हुआ है, जो दिन में जंगल की शरण लेता है और रात होते ही आहार की तलाश में खेतों की ओर रुख करता है। इसी बीच सोमवार सुबह छत्तीसगढ़ के मरवाही क्षेत्र से एक बड़ा, ताकतवर दो-दांत वाला नर हाथी सीमा पार कर धनगवां पहुंचा और अपने तीन साथियों से जा मिला। यह दृश्य किसी उत्सव से कम नहीं मानो होली मनाने पुराने दोस्त एकत्र हो गए हों। इस अप्रत्याशित मिलन से वन विभाग भी सतर्क है और ग्रामीणों में कौतूहल के साथ चिंता भी बढ़ी है। खेतों में मटर, अरहर, गेहूं और केला जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान सहमे हुए हैं। हालांकि हाथियों का यह पारंपरिक मार्ग वर्षों पुराना बताया जा रहा है, लेकिन चार हाथियों का एक साथ विचरण इलाके के लिए नई चुनौती बनकर उभरा है।



### 70 दिन से डटे तीन, अब चौथा भी साथ

धनगवां बीट के जंगल में पहले से मौजूद तीन हाथियों का समूह क्षेत्र में जाना-पहचाना हो चुका है। ये हाथी दिन में जंगल के भीतर ठहरते हैं और रात में भोजन के लिए गांवों के आसपास निकलते हैं। अब इनके साथ चौथे हाथी के जुड़ने से गतिविधियां और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों की संख्या बढ़ने से खतरा भी बढ़ सकता है, वहीं वन अमले के लिए निगरानी की जिम्मेदारी दोगुनी हो गई है।

### मरवाही से धनगवां तक 25 किलोमीटर का सफर

यह दो-दांत वाला नर हाथी छत्तीसगढ़ के मरवाही क्षेत्र से निकलकर पारंपरिक हाथी मार्गों से होता हुआ धनगवां पहुंचा। जंगल, नदी और गांवों को पार करते हुए इस हाथी ने करीब 25 किलोमीटर का सफर तय किया। रास्ते में इसने खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन बिना किसी मानव-हाथी संघर्ष के अपने साथियों तक पहुंचना वन्यजीव व्यवहार की अनोखी मिसाल है।

### खेत बने निशाना, किसानों की बढ़ी चिंता

शनिवार और रविवार की रात हाथियों ने गांवों से सटे खेतों में मटर, अरहर और गेहूं की फसलों को आहार बनाया। अचानक हुए नुकसान से किसान भयभीत हैं। उनका कहना है कि मुआवजे की प्रक्रिया धीमी है, जबकि हाथियों की मौजूदगी रोजी-रोटी पर सीधा असर डाल रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और रात में अकेले खेतों की ओर न जाने की सलाह दी है।

### सोन नदी पार कर मध्यप्रदेश में प्रवेश

मरवाही से निकलते समय हाथी ने सोन नदी के आसपास के इलाकों को पार किया और फिर मध्यप्रदेश की सीमा में दाखिल हुआ। यह मार्ग वर्षों से हाथियों के आवागमन का हिस्सा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंगलों के सिकुड़ने और भोजन की तलाश में हाथी इस तरह लंबी दूरी तय कर रहे हैं।

### अनूपपुर में अलर्ट मोड, होली पर खास निगरानी

अब जबकि हाथियों की संख्या चार हो गई है, अनूपपुर जिले में वन विभाग अलर्ट मोड पर है। होली के त्योहार को देखते हुए गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अफवाहों से बचें, समूह में रहें और हाथियों को छेड़ने की कोशिश न करें। जंगल में होली का यह 'हाथी उत्सव' रोमांचक जरूर है, लेकिन सतर्कता ही सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



अनूपपुर। 26 फरवरी को फरियादिया अपनी पुत्री एवं पति के साथ थाना उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट किया कि ग्राम बीड निवासी वीर सिंह गोंड द्वारा उनकी मानसिक रूप से विक्षिप्त पुत्री के साथ गलत कार्य (दुष्कर्म) किया गया है। फरियादिया के आवेदन पर थाना जैतहरी में अपराध धारा 64(2)(प), 64(2)(I) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले की गंभीरता के देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देश पर फरार आरोपी वीरसिंह गोंड पिता धनराज सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम बीड की पता-तलाश कर 48 घंटे के भीतर विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 28 फरवरी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल दाखिल कराया गया। उक्त कार्यवाही अनूपपुर जिला के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनूपपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यवाही में थाना जैतहरी के थाना प्रभारी निरीक्षक अमर वर्मा, उपनिरीक्षक अमरलाल यादव, उपनिरीक्षक जे.पी.एच. तिर्की, सहायक उपनिरीक्षक जितेन्द्र मिश्रा, आरक्षक 207 अजय परस्ते एवं आरक्षक 229 रामेश्वर शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

### पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ मनाया जाएगा 'गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन' उत्सव

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के निर्देशों के परिपालन में इस वर्ष अनूपपुर जिले में होली का पर्व पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संदेश के साथ मनाया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अनूपपुर ने इस हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जैतहरी को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शासन के निर्देशानुसार, पर्यावरण संरक्षण व वनों की कटाई से बचाने के लिए इस बार होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ (गोबर से निर्मित लकड़ी) और उपलों के उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए जन-सहभागिता और सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक स्तर पर गौकाष्ठ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के दृष्टिगत प्राकृतिक और हर्बल रंगों से होली खेलें। पशु-पक्षियों पर रंग न डालने का संकल्प लें। हुड़दंग और नशे से दूर रहकर आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ उत्सव मनाएं। नोडल अधिकारी जैतहरी को निर्देशित किया गया है कि वे मुख्य नगरपालिका अधिकारी के समन्वय से जिला स्तर पर इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं।

### अनुपपुर में 22 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में आज जिला चिकित्सालय अनुपपुर में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी की उपस्थिति रही। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर विद्यालय, अनुपपुर की प्राचार्य डॉ. प्रमिला पाड़े के नेतृत्व में विद्यालय की 22 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण कराया गया। यह टीकाकरण अभियान किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से संरक्षण प्रदान करने हेतु शासन की महत्वपूर्ण पहल है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं तथा टीकाकरण प्रक्रिया पूर्ण सावधानी एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप संपन्न की गई।

# जंगल किनारे सजा था जुए का फड़ फुनगा चौकी पुलिस की दबिश

### 6 जुआरी गिरफ्तार; मुख्य फड़बाज विजय दबोचा

हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।

फुनगा चौकी अंतर्गत कोलमी एवं आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से संचालित जुआ अड्डे पर शनिवार रात पुलिस ने दबिश देकर छह जुआरियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान मुख्य फड़बाज विजय को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके कुछ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि कोलमी गांव के पास जंगल एवं झिटकू नाला किनारे जुए का फड़ सजाया जा रहा है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की। मौके पर ताश के पत्तों पर दांव लगाते जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में विजय गौतम (54) पिता राममिलन निवासी कोलमी, मूलचंद्र केवट (52) निवासी कोलमी, राकेश मिश्रा (49), अश्वनी शहीस निवासी चांदपुर जैतहरी, मोहनलाल पटेल (49) एवं शिवकुमार उर्फ गोलू कुशवाहा (31) निवासी सकोला थाना भालूमाड़ा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2,380 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। सभी के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार विजय अपने पार्टनर




कमलेश के साथ मोबाइल फोन के जरिए जुआरियों को बुलाकर जंगल क्षेत्र में फड़ सजाता था और 'नाल' की उगाही की जाती थी। पुलिस की घेराबंदी के चलते आधा दर्जन जुआरी पकड़ में आए, जबकि कुछ नामचीन लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में जुआ गतिविधियों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसमें विजय का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए ऐसे अवैध कृत्यों पर सख्ती जारी रखने की मांग की है।

## ऋतुराज की पदचापः अमरकंटक में दिन की तपिश, संध्या की शीतलता

## मार्च की दस्तकः अमरकंटक में दिन गरम, शामें शीतल, मौसम में संतुलित बदलाव

हरिभूमि न्यूज:अमरकंटक।



विंध्य और सतपुड़ा की गोद में बसी पावन नगरी अमरकंटक में मार्च के आरंभ के साथ ऋतुराज वसंत की मृदु आहट सुनाई देने लगी है। धूप अब कुछ अधिक स्वर्णिम और तीखी प्रतीत होती है, मानो आकाश अपनी उजली चादर पर ऊष्मा के सूक्ष्म धागे बुन रहा हो। फिर भी पर्वतीय हवाओं की शीतल उँगलियाँ संध्या होते-होते वातावरण को सहला जाती हैं और दिनभर की हल्की तपिश स्मृति भर रह जाती है। बीते दो दिनों में तापमान ने धीमे, संयत कदमों से बढ़त ली है। 2 मार्च सोमवार को नगर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दोनों के बीच का यह संतुलित अंतर प्रकृति की लयात्मकता का आभास कराता है। दोपहर की धूप में हल्की चुभन है, किंतु जैसे ही घड़ी पाँच का संकेत देती है, पहाड़ियों से उतरती शीतलता नगर को फिर से अपने कोमल आलिंगन में ले लेती है। नीले आकाश में तैरते बादल कभी-कभी धूप के रेशमी प्रवाह को विराम देते हैं, और इसी आलोक-छाया के खेल में अमरकंटक का परिवेश एक जीवंत चित्र-सा प्रतीत होता है, जहाँ हर क्षण रंग बदलता है, हर श्वास में ताजगी घुली रहती है।

### पर्यटकों के मन में वसंत का उत्सव

दूर-दूर से आए श्रद्धालु और पर्यटक इस संतुलित मौसम में एक अद्भुत सुकून अनुभव कर रहे हैं। पुणे, नासिक, नागपुर और कोलकाता से पहुँचे यात्रियों ने साझा किया कि जहाँ उनके नगरों में तापमान 35/37 डिग्री तक जा पहुँचा है, वहीं अमरकंटक की हवा में अब भी शीतलता का मधुर स्पर्श बना हुआ है। महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में पहुँचे परिक्रमावासी, नर्मदा तट की शांति और पर्वतीय हवाओं की शीतलता में, मानो साधना की एक नई लय पा रहे हों, चेहरों पर प्रसन्नता, मन में कृतज्ञता। अमरकंटक में इस समय ऋतु परिवर्तन कोई आकस्मिक घटना नहीं, बल्कि एक काव्यमय यात्रा है, जहाँ दिन हल्की ऊष्मा से जागता है और संध्या शीतलता की ओस बनकर उतरती है। प्रकृति का यह संतुलित स्वर ही इस पावन नगरी को यात्रियों के लिए निरंतर आकर्षक और आत्मा के लिए आल्हादकारी बनाए हुए है।

# होली पर्व पर थाना रामनगर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज राजनगर।

पुलिस अनुविभाग कोतमा के अंतर्गत थाना रामनगर में आगामी होली पर्व एवं आगामी त्योहारों को लेकर को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार कोतमा, थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने अपील कि होली आपसी भाईचारे और प्रेम का त्योहार है, जिसे सभी को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाना चाहिए। पर्व के दौरान कानून रामनगर थाना क्षेत्र की व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा विशेष गश्त की जाएगी तथा हुड़दंग की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, नशाखोरी, जबरन रंग लगाने एवं सार्वजनिक शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित थाना क्षेत्र के नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिगा गया, कि होली पर्व पारंपरिक मर्यादा एवं भाईचारे के साथ मनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक के दौरान उपस्थित जनों को होली का पर्व शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। सभी समुदायों से एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने, जबरन रंग न लगाने, डीजे/लाउडस्पीकर का प्रयोग न करने, खुली खदान के बंद हो चुकी खुली खदानों के पोखरी में नहाने ना जाए, नशे के हालत में वाहन ना चलाएं, तथा वाहन में तीन लोग बैठकर ना चले, नशे की हालत में हुड़दंग न करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने हेतु समझाइश दी गई। इस किसी भी प्रकार की भ्रामक आपतिजनक या अफवाह फैलाने वाली सामग्री प्रसारित न करने की हिदायत दी गई। आम नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस थाना रामनगर में देवे। पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्र तथा कस्बा क्षेत्र में नियमित रूप से दिन-रात गस्त की जाएगी। बैठक के अंत में उपस्थित नागरिकों ने होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस शांति समिति बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं विभिन्न समाजों के जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सभी भारतवासी हिंदू, समान पूर्वजों के वंशज तथा डीएनए अनुक्रम में समानता केन्द्रीय जनजातीय विवि से पीएचडी में प्रमाणित हुआ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

हिंदू' एक भू-सांस्कृतिक अवधारणा है तथा हिंदुत्व, हिंदू और हिंदू राष्ट्र मिलकर भारत की पहचान बनाते हैं, भारत में रहने वाला हर व्यक्ति हिंदू है तथा 'हिंदू' शब्द कोई संज्ञा नहीं बल्कि एक विशेषण है, जो गुण और स्वभाव को दर्शाता है। मत-पंथ अलग हैं, लेकिन सांस्कृतिक आधार एक ही है। सभी भारतीयों के डीएनए में एक विशेष समानता है, जिससे हम सभी एक मूल भूखंड के निवासी दिखते है, पीएचडी के मूल तथ्यों में पहला, कि "हिंदू" एक सभ्यतागत पहचान है, धार्मिक नहीं; दूसरा, कि सभी भारतीय हजरों वर्षों में फैले साझे डीएनए और पूर्वज साझा करते हैं; तीसरा, कि भारत पहले से ही जातिविहीन समावेशी समाज की अवधारणा की पुष्टि करता है, चौथा, कि अलग-अलग पूजा पद्धतियां वाले भारतवासियों के पूर्वज की दस्तावेज समान सांस्कृतिक छतरी को प्रकट करते है; और पांचवां, कि भारत में कोई गैर-हिंदू नहीं केवल हिंदू आत्म-जागरूकता की विभिन्न डिग्री उपलब्ध हैं जो हर कोई भारतीय संस्कृति का पालन करता है। सबकी अपनी-अपनी पूजा-पद्धती बन है, मान्यताएं हैं. सबकी अपनी-अपनी भाषा है और विविधता में एकता वाले ये सभी लोग हिंदु ही है इसका पीएचडी रिसर्च में वैज्ञानिक प्रमाणन करके डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान डॉ. चिन्मय पांडे को की गई है। डॉ. चिन्मय पांडे के शोध निदेशक आचार्य (डॉ) विकास सिंह, स्वदेशी शोध संस्थान के राष्ट्रीय सचिव है।

पूर्वजों को जानने का अधिकार अधिनियम बनना विकसित भारत 2047 के लिए आधारभूत अनिवार्यता- डॉ. चिन्मय पांडे' शोध विद्वान ने बताया की भारत में रहने वाले 140 करोड़ भारतीयों के साथ-साथ अखंड भारत के लोग हिंदू ही है तथा उनके पूर्वजों की वंशावली में हिंदू होने की दस्तावेजी प्रमाणन है, तथा डीएनए में एक समानता होने के कारण डीएनए भारत मूल के सभी लोग एक समान देखते हैं, समान पूर्वजों के वंशज होने की प्रमाणिकता के दस्तावेज गया, प्रयागराज, कोणार्क, हरिद्वार सहित जहां-जहां भारत के विभिन्न स्थानों पर पूर्वजों के पिंडदान की प्रक्रिया से जुड़े स्थानों पर वंशावली के दस्तावेज सुरक्षित है, ऐसे समस्त वंशावली लेखक को एवं पंडों के पास दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध है जिसका डिजिटलीकरण आवश्यक है और इसमें समाज, युवा, जनसंख्यागणना के 80 वर्ष के अभिलेख, गांव के प्रमुख वरिष्ठजन एवं पिंडदान के लिए भारत के 50 से अधिक धार्मिक स्थान पर उपलब्ध दस्तावेज और समाज के जुड़ाव से पिछले 25 से 40 पीढ़ी तक की जानकारी प्रत्येक परिवार को



जानना चाहिए, पूर्वजों को जानने का अधिकार अधिनियम बनने से लोग उत्सुकतावस और अपने कुटुंबजनों को जानने के लिए इसमें सम्मिलित होंगे और इससे सभी प्रकार की पूजा पद्धति वाले यह जान सकेंगे कि उनके पूर्वज हिंदू ही थे और आक्रांताओं के कालखंड में उनकी पूजा पद्धति बदल गई थी और आक्रांताओं के कालखंड में किस-किस प्रकार के अत्याचार उनके पूर्वजों पर हुए थे, इसे जानने का अधिकार उन्हें भी है, इसलिए पूर्वजों को जानने का अधिकार अधिनियम कानून का बनना बेहद आवश्यक है और यह कानून जातिविहीन समाज की संरचना के लिए और एकात्मक मानववाद की जड़ को मजबूत करने के लिए इस कानून का संसद से पास होना बेहद आवश्यक है और इस प्रकार का पॉलिसी रिकमेंडेशन पीएचडी शोध में डॉक्टर चिन्मय पांडे ने किया है।






## वंशिका केसरवानी ने किया अनूपपुर का नाम रोशन, बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी शिवकुमार केसरवानी की होनहार बेटी कुमारी वंशिका केसरवानी ने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अथक लगन के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अनूपपुर सहित जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे समाज और व्यापारी वर्ग में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवार की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाओं का तांता लग गया है। वंशिका ने अपने समर्पण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची लगन और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी यह सफलता युवा पीढ़ी के लिए एक सशक्त प्रेरणा बनेगी। उन्होंने अपने परिवार का नाम रोशन किया है।समाज के वरिष्ठजनों ने इसे न केवल परिवार बल्कि पूरे अनूपपुर शहर के लिए गर्व का विषय बताया है। समाज के कई गणमान्य लोगों ने वंशिका केसरवानी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वंशिका केसरवानी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार को एवं अपने शिक्षक-शिक्षिकाओ को दिया है।

